Daily Current Affairs 21 October 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. मल्लिकार्जुन खड़गे बने कांग्रेस पार्टी के नए अध्यक्ष
• 19 अक्टूबर, 2022 को मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए अध्यक्ष चुने गए है। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर को हराया। 24 से अधिक वर्षों में यह पहली बार है जब कांग्रेस का अध्यक्ष गैर-गांधी परिवार से होगा। सीताराम केसरी को उनके पांच साल के कार्यकाल में दो साल बाद वर्ष 1998 में बिना किसी औपचारिकता के हटा दिया गया था।खड़गे ने सोनिया गांधी का स्थान लिया है जो दिवंगत पीएम राजीव गांधी की विधवा हैं, जिन्होंने 19 वर्षों तक पार्टी अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

2. हैदराबाद हलीम को मिला मॉस्ट पॉपुलर GI का टैग
• हैदराबादी की हलीम ने रसगुल्ला, बीकानेरी भुजिया और रतलामी सेव सहित दूसरे खाने वाले समानों को पीछे छोड़ कर 'मोस्ट पॉपुलर GI' का प्राइज जीता है। मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जनता की राय के आधार पर प्राइज के लिए पकवान का चुनाव किया है। डिश को चुनने के लिए 2 अगस्त से 9 अक्टूबर तक का समय दिया गया था। जिसके बीच वोटिंग हुई थी।

3. पेंशन पाने वालों के लिए केंद्र सरकार ने भविष्य पोर्टल किया लॉन्च
• 18 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सिंगल इंटीग्रेटेड पेंशनर्स पोर्टल 'भविष्य' (BHAVISHYA) का शुभारंभ किया है। इसे भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से विकसित किया गया है, जबकि शेष सभी 16 पेंशन संवितरक बैंक अब 'भविष्य' के साथ अपना एकीकरण शुरू करेंगे।
• इसका उद्देश्य केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के जीवन में सुगमता लाना है। प्रस्तुत भविष्य 9.0 संस्करण पेंशन वितरण बैंकों के साथ एकीकरण के साथ शुरू किया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक अपने पेंशन सेवा पोर्टल को रिकॉर्ड समय में 'भविष्य' के साथ एकीकृत करने वाला पहला पेंशन वितरण बैंक बन गया है।

4. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पंजाब के संगरूर में एशिया के सबसे बड़े कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट का किया उद्घाटन
• 18 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पंजाब के संगरूर में एशिया के सबसे बड़े संपीड़ित बायो गैस (CBG) संयंत्र का उद्घाटन किया है। यह संयंत्र जर्मन कंपनी वर्बियो एजी द्वारा 220 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया है। प्रारंभ में संयंत्र में 6 टन प्रति दिन सीबीजी का उत्पादन होगा जिसे बढ़ाकर 33 टन प्रतिदिन सीबीजी किए जाने की संभावना है।

5. करीम बेंजेमा और एलेक्सिया पुटेलस ने जीता बैलोन डी'ओर का पुरस्कार
• हाल ही में फ्रांसीसी फुटबॉलर और रियल मैड्रिड के करीम बेंजेमा ने पुरुष बैलोन डी'ओर (गोल्डन बॉल अवार्ड) 2022 जीता है और पुरस्कार जीतने वाले 5वें फ्रेंचमैन बन गए हैं। वहीं स्पेनिश पेशेवर फुटबॉलर बार्सिलोना की एलेक्सिया पुटेलस ने दूसरी बार महिला बैलोन डी'ओर पुरस्कार या बैलोन डी'ओर फेमिनिन पुरस्कार जीता है।
• 17 अक्टूबर, 2022 को बैलोन डी'ओर समारोह 2022 का 66वाँ संस्करण थिएटर डू चैटलेट पेरिस, फ्रांस में आयोजित किया गया था। करीम बेंजेमा 2008 के बाद से लियोनेल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अलावा यह पुरस्कार जीतने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं।

6. मध्य प्रदेश के सातवें 'वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व' को मिली मंजूरी
• मध्य प्रदेश राज्य वन्य प्राणी बोर्ड ने प्रदेश के सातवें 'वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व' के गठन की मंजूरी दी है। यह 2339 वर्ग किमी का टाइगर रिजर्व है। राज्य के सागर जिले के नौरादेही एवं नरसिंहपुर के वीरांगना दुर्गावती

अभयारण्यों को मिलाकर यह टाइगर रिजर्व बनाया जाएगा। इसी के साथ उत्तर सागर वन मंडल को अभयारण्य बनाने और खरमोर अभयारण्य सरदारपुर (धार) के पुनर्गठन के प्रस्ताव पर भी सहमति बन गई है। यह प्रस्ताव अब केंद्रीय वन्यप्राणी बोर्ड को भेजे जाएंगे।

7. उल्फ क्रिस्टर्सन बने स्वीडन के नए प्रधानमंत्री
• हाल ही में स्वीडन की संसद ने कंजर्वेटिव मॉडरेट पार्टी के 59 वर्षीय नेता उल्फ क्रिस्टर्सन को नया प्रधानमंत्री चुना है। क्रिस्टर्सन ऐसे गंठबंधन के प्रमुख होंगे, जिसे दक्षिणपंथी पार्टी स्वीडन डेमोक्रेट्स का भी समर्थन हासिल है। उनके गठबंधन मे तीन दल शामिल हैं। क्रिस्टर्सन 173 के मुकाबले 176 मतों से निर्वाचित हुए। उनके तीन दलों वाले गठबंधन के पास बहुमत नहीं है। लेकिन स्वीडन में प्रधानमंत्री तब तक शासन कर सकते हैं, जब तक संसद में उनके खिलाफ बहुमत न हो।

8. साजन ग्रीको रोमन में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बने
• भारत के ग्रीको-रोमन रेसलर साजन भानवाला ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए कांस्य जीतने वाले पहले ग्रीको-रोमन रेसलर बन गये है। उन्होंने यह पदक 77 किग्रा वर्ग में जीता है। उन्होंने यह पदक ग्रीको रोमन स्टाइल में जीता है। उन्होंने इस रेपेचेज मैच में यूक्रेन के दिमित्रो वासेत्स्की से बेहतर प्रदर्शन किया और पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता स्पेन में आयोजित की जा रही है।

9. भारत और फ्रांस को फिर से अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष चुना गया
• भारत और फ्रांस को पुनः अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का अध्यक्ष और सह-अध्यक्ष के रूप में चुने गए है। यह निर्णय ISA की पाँचवीं आम बैठक में लिया गया है। यह आम बैठक 17 अक्टूबर को नई दिल्ली में शुरू हुई और 20 अक्टूबर तक चलेगी। केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के अध्यक्ष होंगे और फ्रांस के क्रिसौला ज़ाचारोपोलू सह-अध्यक्ष होंगी।

10. प्रधानमंत्री ने गुजरात में मिशन स्कूल्स ऑफ एक्सीलेंस का किया शुभारंभ
• 19 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के त्रिमंदिर, अडालज में उत्कृष्ट मिशन स्कूलों (मिशन स्कूल्स ऑफ एक्सीलेंस) का शुभारंभ किया है। मिशन की परिकल्पना कुल 10,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ की गई है। त्रिमंदिर में कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने लगभग 4260 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया।
• यह मिशन गुजरात में नई कक्षाओं, स्मार्ट कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना और राज्य में स्कूलों के बुनियादी ढांचे के समग्र आधुनिकीकरण से शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा।

Resultuniraj.co.in